जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति **दिनांक 06.07.2024**

प्रेस नोट

थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया हुआ सामान बरामदः-

आज दिनांक 06.07.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 चोर को चोरी किये हुए सामान सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

दिनांक 24.06.2024 को वादी अमित पुत्र चैनपाल निवासी ग्राम पिण्डौरा थाना झिंझाना जनपद शामली की टयूबवैल से तार चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर तहरीर दी गयी थी। पीडित के तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1.अंकित उर्फ पोली पुत्र कृष्णपाल निवासी मौहल्ला रविदासपुरी कस्बा ऊन थाना झिंझाना जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1.चोरी किये हुये केबिल के टुकड़े।

थाना थानाभवन पुलिस द्वारा नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-

आज दिनांक 06.07.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। घटना में लिप्त अन्य अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगाई गयी है, शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

ज्ञात हो कि दिनांक 05.06.2024 को थाना थानाभवन क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्तगण द्वारा नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के सम्बन्ध में पीडिता के परिजन द्वारा थाना थानाभवन शामली पर नामजद लिखित तहरीर दी थी। पीडिता के परिजनो की तहरीर के आधार पर थाना थानाभवन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना की गंभीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना में लिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना थानाभवन को निर्देशित किया गया था।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.आशीष पुत्र बब्लू निवासी ग्राम महमूदगढ़ थाना थानाभवन जनपद शामली।